हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

## सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

### प्रथम उपहार 1 कार



**द्वितीय उपहार**
3 नग बाईक



**तृतीय उपहार**
10 नग LED TV



**चतुर्थ उपहार**
5 नग फ्रीज



**पांचवा उपहार**
8 नग वासिंग मशीन



**छठवां उपहार**
15 नग गैस चूल्हा



**सातवां उपहार**
25 नग सिलिंग फैन



**आठवां उपहार**
40 नग ट्राली बैग



**नवां उपहार**
500 नग हॉट पॉट



**दसवां उपहार**
600 नग लंच बाक्स



**ग्यारहवां उपहार**
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार



**नियम एवं शर्तें :-** ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740

## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक शराबखोरी दो चढ़े पुलिस के हत्थे



**कांकेर।** सार्वजनिक स्थान पर शराब पिने वाले दो व्यक्तियों के खिलाफ बांदे पुलिस ने अबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 25 अप्रैल को शाम पौने 8 बजें बांदे के तालाब पास रोड किनारे आरोपी छोटेबेठिया थानांतर्गत खंडीपारा निवासी 41 वर्षीय शंभु मंडल पिता मिताई मंडल और गोण्डाहुर थानांतर्गत बैकुण्ठपुर निवासी 30 वर्षीय मनीमोहन सरकार पिता अर्जुन सरकार सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहें थे। आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**कांकेर।** भानुप्रातपपुर थानांतर्गत शीतलापारा भानुप्रतापपुर निवासी 20 वर्षीय राहुल नेताम पिता नवल राम ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक ने 25 अप्रैल को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कृषि व्यापरियों ने बंद का किया समर्थन

**कांकेर।** छग एग्रो इनपुट डिलर्स एसोसिएशन द्वारा विभिन्न मांगो को लेकर 27 अप्रैल को देश व्यापी बंद का आयोजन किया गया है। इसे चारामा के व्यापारियों ने पूर्ण सर्मथन दिया है। इस व्यवासय से जुड़े व्यापरियों ने बताया कि संगठन कि मांग में खाद पर ट्रैकिंग बंद हो, रिटेल गोदाम तक एफओआर पहुंचे, डिलर मार्जिन 8 प्रतिशत, सैंपल फेल कंपनियों पर कार्यवाही हो। डिलर गवाह रहें। बीच साथी पोर्टल कंपनियों तक सीमित हो व अन्य मांगे शामिल है।

# भाजपा कार्यालय में 'मन की बात' सुनने उमड़ा जनसमूह, जमीन पर बैठकर सुना पीएम का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय अटल सदन में रविवार सुबह एक विशेष और प्रेरणादायक माहौल देखने को मिला, जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 133वें रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" को सुनने के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, महिलाएं और पदाधिकारी एकत्र हुए।

सुबह 10:30 बजे जैसे ही कार्यक्रम का प्रसारण शुरू हुआ, सभी उपस्थित लोग जमीन पर बैठकर पूरे अनुशासन और ध्यान के साथ प्रधानमंत्री के विचारों को सुनते रहे। इस दौरान परिसर में शांत और प्रेरणादायक वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित क्षेत्रीय विधायक एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने कहा मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को प्रेरित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार जनभागीदारी को मजबूत करते हैं और देश के विकास में आमजन की भूमिका को स्पष्ट करते हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम ने अपने संबोधन में कहा कि मन की बात आज देश को जोड़ने वाला एक प्रभावी मंच बन चुका है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं से अपील की कि वे प्रधानमंत्री के संदेशों को घर–घर तक पहुंचाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में योगदान दें।

## विधायक लता की रही मौजूदगी, अटल सदन में दिखा प्रेरणादायक माहौल



### बडी संख्या में कार्यकर्ता और महिलाएं रहीं मौजूद

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, उपाध्यक्ष जितेंद्र सुराना सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम ने कोंडागांव में जनसंपर्क और जनभागीदारी के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया।

## सियासत : नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में प्रदर्शन

# भाजपा ने विशाल जनाक्रोश रैली निकालकर विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी कर पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को कोण्डागांव में जोरदार शक्ति प्रदर्शन करते हुए विशाल जन आक्रोश रैली और महिला पदयात्रा का आयोजन किया। भाजपा जिला कार्यालय अटल सदन से शुरू हुई इस रैली का नेतृत्व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं विधायक लता उसेंडी ने किया, जिसमें हजारों की संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

हाथों में तिरंगा और अपने अधिकारों से जुड़े नारों की तख्तियां लिए महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग को लेकर शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। रैली कांग्रेस भवन, मस्जिद चौक और जय स्तंभ चौक होते हुए बस स्टैंड पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया।

इस मौके पर विधायक लता उसेंडी ने कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन पर महिलाओं के अधिकारों में बाधा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को विपक्ष रोकने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अब महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुकी हैं और राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संघर्षरत हैं। भाजपा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और लोकसभा, विधानसभा व राज्यसभा में उनकी मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित करना पार्टी का लक्ष्य है।




### पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय महिलाएं मौजूद रहीं

रैली के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सेवक नेताम, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी, महामंत्री अनिल अग्रवाल, प्रेमसिंह नाग परितोष त्रिपाठी, बंटी नाग सहित बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता और स्थानीय महिलाएं मौजूद रहीं। पूरे रैली के दौरान शहर का माहौल राजनीतिक नारों और महिला सशक्तिकरण के संदेश से गूंजता रहा।

# पेट्रोल पम्प चोरी का खुलासा आरोपी जगदलपुर से गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज कोणडागांव / केशकाल।** केशकाल थाना क्षेत्र में पेट्रोल पम्प से हुई चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री आकाश श्रीश्रीमाल के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी गोपाल थापा उर्फ गोपाल साउत 23 वर्ष निवासी शांति नगर, जगदलपुर को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात को स्वीकार कर लिया।

■ नकदी व मोबाइल पुलिस ने किया बरामद

जानकारी के अनुसार आरोपी ने 16 अप्रैल की रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच केशकाल स्थित मुकेश पेट्रोल पम्प के कार्यालय में घुसकर दराज में रखे 55 हजार रुपये नकद और एक रियलमी मोबाइल फोन चोरी कर लिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 9120 रुपये नकद और एक रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया है। शेष राशि के संबंध में भी जांच जारी है। आरोपी को 25 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल जगदलपुर भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल, उपनिरीक्षक गुलाब टंडन, सहायक उपनिरीक्षक रामकृष्ण जैन, प्रधान आरक्षक ईश्वर नेताम, आरक्षक अमित मंडावी तथा साइबर सेल कोंडागांव के आरक्षक जितेंद्र मरकाम और बीजू यादव का विशेष योगदान रहा।

# बड़ेकनेरा में रात्रि चौपाल गांव-गांव में चल रहा जागरुकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों के तहत जिले में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम बड़ेकनेरा में रात्रि चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को जनगणना के महत्व से अवगत कराया गया।

■ जनगणना 2027 को लेकर कोंडागांव में जागरूकता अभियान तेज

रात्रि चौपाल के दौरान ग्राम सरपंच प्रकाश चुरगिया ने स्थानीय हल्बी बोली में ग्रामीणों को जनगणना की उपयोगिता और आवश्यकता को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि सही जानकारी देना हर नागरिक की जिम्मेदारी है, जिससे विकास योजनाओं का सही लाभ मिल सके। स्व–गणना प्रक्रिया की दी विस्तृत जानकारीइस अवसर पर वेणुगोपाल राव ने स्व–गणना की पूरी प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि किस प्रकार वे स्वयं भी अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं।

कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत 01 मई से 30 मई 2026 तक प्रगणक घर–घर जाकर मकान गणना करेंगे। इस दौरान सभी परिवारों से आवश्यक जानकारी एकत्र की जाएगी।

### *ग्रामीणों से सहयोग की अपील*

*अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे प्रगणकों को सही, सटीक और पूर्ण जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं, ताकि जनगणना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। रात्रि चौपाल जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रें में जनगणना को लेकर जागरूकता बढ़ रही है, जिससे आगामी गणना प्रक्रिया को सफल बनाने में मदद मिलेगी।*

# वन मंत्री ने किया दहिकोंगा तेंदूपत्ता फड का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने रविवार को तेंदूपत्ता फड़ दहिकोंगा समिति कोंडागांव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तेंदूपत्ता की गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन करते हुए संग्रहण एवं प्रबंधन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

■ तेंदूपत्ता की गुणवत्ता और व्यवस्था का लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने संग्राहकों को किए जा रहे ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर ही दो संग्राहकों के मोबाइल में स्वयं ऑनलाइन एंट्री कर भुगतान प्रक्रिया पूरी करवाई, जिससे पारदर्शिता वन मंत्री ने तेंदूपत्ता संग्राहकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने सभी संग्राहकों को तेंदूपत्ता तिहार की शुभकामनाएं देते हुए शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किय निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि संग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### अधिकारी-कर्मचारी रहे उपस्थित

इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी कोंडागांव चूड़ामणि सिंह, संयुक्त वन मंडलाधिकारी डॉ. आशीष कोटरिवार, परिक्षेत्र अधिकारी कोंडागांव एवं दहिकोंगा सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिला आरक्षण पर कांग्रेस का हमला भाजपा दुष्प्रचार कर रही : डा. लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

महिला आरक्षण बिल को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस की ओर से पीसीसी प्रभारी डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने कोंडागांव में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के मुद्दे पर जनता को भ्रमित कर रही है।

■ कोंडागांव में प्रेसवार्ता कांग्रेस नेत्री ने कहा- जब कानून बन चुका है तो केंद्र सरकार तत्काल करे लागू

कांग्रेस नेत्री डॉ. ध्रुव ने स्पष्ट किया कि महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम–2023 संसद के दोनों सदनों से पारित होकर राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून बन चुका है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब कानून बन चुका है तो भाजपा इसे तत्काल लागू क्यों नहीं कर रही। उन्होंने आरोप लगाया कि 16 अप्रैल 2026 को प्रस्तुत विधेयक महिला आरक्षण से जुड़ा नहीं था, बल्कि परिसीमन संशोधन और केंद्र शासित प्रदेशों के कानून में बदलाव के लिए था। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में लोकसभा सीटों को 850 करने का प्रस्ताव था, जिसमें राज्यों के लिए 815 और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 35 सीटें प्रस्तावित थीं। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि घोष, महामंत्री रितेश पटेल, शहर अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, महिला शहर अध्यक्ष हेमा देवांगन, पूर्व नपा अध्यक्ष वर्षा यादव, प्रदेश कांग्रेस सचिव सकुर खान सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### जनगणना और परिसीमन पर उठाए सवाल

डॉ. ध्रुव ने कहा जब 2026–27 की नई जनगणना प्रस्तावित है, तो 2011 के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन क्यों यदि सरकार चाहती, तो वर्तमान सीटों में ही 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जा सकता था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सहित विपक्षी दल तत्काल महिला आरक्षण लागू करने के पक्ष में हैं। कांग्रेस नेत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा की असली मंशा महिला आरक्षण नहीं, बल्कि अपने राजनीतिक लाभ के अनुसार सीटों का परिसीमन करना था, जिसे विपक्ष की एकजुटता ने विफल कर दिया।

### कांग्रेस ने गिनाए अपने ऐतिहासिक प्रयास

डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से महिला आरक्षण की समर्थक रही है। 1989 में राजीव गांधी ने पंचायतों में आरक्षण का प्रस्ताव रखा, 1993 में पीवी नरसिम्हा राव सरकार ने इसे लागू किया। 2010 में डॉ. मनमोहन सिंह सरकार ने संसद में महिला आरक्षण बिल पेश किया, उन्होंने बताया कि आज देशभर में लाखों महिला जनप्रतिनिधि कांग्रेस की नीतियों का परिणाम हैं।

## नक्सलमुक्त घोषित होने के बाद नई शुरुआत

# नक्सलमुक्त कोंडागांव में बदली पुलिसिंग की तस्वीर:अब खाकी वर्दी में दिखेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिले को पूर्णतः नक्सल मुक्त घोषित किए जाने के बाद जिले में शांति, सामान्य व्यवस्था और विकास कायोंर् की नई शुरुआत हो चुकी है। लंबे समय तक नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्र में अब हालात पूरी तरह बदलते नजर आ रहे हैं।

पूर्व में नक्सल ऑपरेशन के दौरान जंगलों, पहाड़ी और संवेदनशील क्षेत्रें में सचिंर्ग व घेराबंदी जैसी कार्रवाई के लिए पुलिस जवानों द्वारा कैमफ्लाज वर्दी का उपयोग किया जाता था। यह वर्दी सुरक्षा और रणनीतिक दृष्टि से बेहद उपयोगी साबित हुई और नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में अहम भूमिका निभाई।



वर्तमान में जिले के नक्सल मुक्त होने के बाद कोंडागांव पुलिस ने सामान्य पुलिसिंग, कानून–व्यवस्था बनाए रखने और जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए बड़ा बदलाव किया है। अब जिले के सभी अधिकारी और कर्मचारी ड्यूटी के दौरान पारंपरिक खाकी वर्दी में नजर आ रहे हैं।

### खाकी वर्दी से बढ़ेगा जनता का भरोसा

पुलिस का मानना है कि खाकी वर्दी उनकी पारंपरिक पहचान है, जो जनता के साथ सीधा संपर्क, विश्वास और सहयोग को मजबूत करती है। इससे पुलिस अधिक सुलभ, पहचानने योग्य और जवाबदेह बनेगी, जिससे आम नागरिकों को भी सुविधा होगी।

### पुलिस ने नागरिकों से मांगा सहयोग

जिला पुलिस ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत या सहायता के लिए नजदीकी थाना या कंट्रोल रूम से संपर्क करें। यह बदलाव कोंडागांव में शांति और सामान्य जीवन की बहाली का मजबूत संकेत माना जा रहा है, जहां अब विकास और विश्वास की नई राह खुल रही है।

# गर्मी से दुर्गूकोंदल बेहाल तापमान 43 डिग्री के पार

**दुर्गुकोंदल।** क्षेत्र में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। दुर्गुकोंदल सहित आसपास के पूरे अंचल में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। तेज धूप, गर्म हवाओं के थपेड़े और बढ़ती उमस ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है, वहीं बाजारों में भी लोगों की आवाजाही कम हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात कमोबेश ऐसे ही बने हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक गर्मी से राहत मिलने के कोई खास आसार नहीं हैं। तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे लू का खतरा भी बढ़ गया है। इधर, स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। विभाग ने खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को दोपहर के समय घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है और साथ ही अधिक से अधिक पानी पीने, हल्के व ढीले कपड़े पहनने और धूप में निकलते समय सिर को ढककर रखने की हिदायत दी गई है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130





# श्रवणबाधित बच्चों ने अद्भुत परफॉर्मेंस देकर जीता दिल

## डांस इंडिया डांस के प्रतिभागी मंगेश ने दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बचेली

क्षेत्र का लोकप्रिय सांस्कृतिक मंच ब्लू बड्र्स टैलेंट शो 25वें वर्ष में प्रवेश किया। इस खास मौके पर शहर के हॉकी ग्राउंड में आयोजन किया गया, हजारों दर्शकों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस आयोजन में डांस इंडिया डांस के चर्चित प्रतिभागी मंगेश मोंडल सेलिब्रिटी गेस्ट, होस्ट और जज शामिल हुए। मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के. बर्मन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। सुशीला भास्कर ग्रुप के बच्चों के स्वागत नृत्य व गणेश वंदना ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। जिसमें गणेश, कार्तिकेय और शिव-पार्वती की सजीव झलक देखने को मिली। इसके बाद जेडी मिक्स ग्रुप बचेली, एबी ग्रुप किरंदुल, दिवा डांसर ग्रुप जगदलपुर, सिंपल डांसर ग्रुप, एस भारती ग्रुप, टीन टाइटंस, एचबी क्रू और डांस हाउस जगदलपुर सहित कई टीमों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम का सबसे भावुक और प्रेरणादायक पल तब आया जब नरेश की टीम के श्रवणबाधित बच्चों ने अद्भुत परफॉर्मेंस दिया। जब दर्शकों को उनकी स्थिति का पता चला आश्चर्यचकित दर्शकों ने खूब तालियां बजाई और कई लोगों ने बच्चों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। गायकों में संजय सरकार, मधुनाथ ध्रुव और रैपर रिया भास्कर ने अपनी मधुर आवाज से समां बांध दिया। वहीं ब्लू बड्र्स टीम ने जितेंद्र चौधरी के साथ डांस प्रस्तुति देकर 25 साल पुरानी ऊर्जा को फिर जीवंत कर दिया। सौम्या सुप्रीम स्टाइल शो स्टॉपर क्वीन की रैंप वॉक भी आकर्षण का केंद्र रही।

कार्यक्रम में दिवंगत फाउंडर मेंबर्स को श्रद्धांजलि दी गई और प्राइड ऑफ द इवेंट अवार्ड सुशीला भास्कर, संजय सरकार, मधुनाथ ध्रुव और एस भारती ग्रुप को प्रदान किए गए। रियल हीरो ऑफ द ईयर सम्मान अमित मिश्रा, वन्यजीव संरक्षण सर्प मित्र टीम, लितीका, कैंसर पीड़ति महिलाओं के लिए बाल दान, कैलाश सिंह, कौन बनेगा करोड़पति में भागीदारी व कैलाश की कक्षा के माध्यम से ज्ञान प्रसार, पूर्व जजों एलिजाबेथ लाल, पुष्पा वर्मा और जयश्री मन्ना को भी सम्मानित किया गया।

### बस्तर में प्रतिभाओं की कमी नहीं

अंत में मंगेश मोंडल ने कहा कि बस्तर जैसे क्षेत्रों में अपार प्रतिभा छिपी हुई है जिसे सही मंच की जरूरत है। उन्होंने बच्चों को बॉलीवुड तक पहुंचाने में सहयोग देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने डांस इंडिया डांस 1 में भाग लेकर अपनी अलग पहचान बनाई थी और आज वे एक सफल डांसर, कोरियोग्राफर और सेलिब्रिटी मेंटर के रूप में कार्य कर रहे हैं।



### आयोजन की सराहना

ब्लू बड्र्स टीम के आयोजक जितेंद्र चौधरी की सभी ने सराहना की। यह आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच देने का माध्यम बना बल्कि बचेली की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक समरसता और सामुदायिक एकता को नई मजबूती प्रदान करने वाला साबित हुआ।

### एबी ग्रुप रहा प्रथम

दर्शकों के लिए खास सरप्राइज भी रखा गया। जिसमें नीले कपड़े पहनकर आए लोगों को गानों की पहचान पर उपहार दिए गए। प्रतियोगिता में प्रथम एबी ग्रुप का 30,000 और स्मृतिचिन्ह, द्वितीय डांस हाउस जगदलपुर को 20,000 और स्मृतिचिन्ह, तृतीय एस भारती ग्रुप को म्यूजिक सिस्टम तथा स्मृतिचिन्ह दिया गया।

## खबर संक्षेप

### स्वामी युगल शरण का आगमन होगा कल



**जगदलपुर।** जगतगुरू स्वामी कृपालु महाराज के प्रमुख प्रचारक स्वामी युगल शरण का 4 दिवसीय प्रवास 28 अप्रैल से होने जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकार की आध्यात्मिक गतिविधि और सत्संग होगा। शहर में मंगलवार को 11:30 बजे सीताराम शिवालय मंदिर के पास स्वागत किया जाएगा।

### मुक्केबाजी की प्रदेश कार्यकारिणी में अनिल बनाए गए उपाध्यक्ष



**जगदलपुर।** इंडियन एमेच्योर मुक्केबाजी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं महासचिव राकेश ठकरान की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी के साथ विभिन्न आयोगों एवं समितियों का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में अनिल लुंकड़ को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। शहर के सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा जो जवाबदारी दी गई है उसमें पूरी लगन और निष्ठा के साथ खरे उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ एमेच्योर मुक्केबाजी संघ का गठन केवल संगठनात्मक विस्तार नहीं बल्कि राज्य में खेल संस्कृति को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

### 10 साल पहले रिटायर होने वाले शिक्षकों को पेंशन सुरक्षा से वंचित होना पड़ रहा

**जगदलपुर।** 25 से 30 वर्षों तक विद्यालयों में अपनी सेवाएं देने वाले अनेक शिक्षक रिटायरमेंट के बाद जीरो पेंशन की स्थिति में पहुंच रहे हैं। यह विडंबना तब और गंभीर हो जाती है जब अंतिम वेतन 80 से 90 हजार रुपये तक पाने वाले शिक्षक अगले ही माह न्यूनतम आर्थिक सुरक्षा से भी वंचित हो जाते हैं। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव ने जारी बयान में इस मुद्दे को गंभीर सामाजिक और प्रशासनिक खामी बताते हुए सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा 2018 में संविलियन के कारण शिक्षकों की पूर्व सेवा अवधि को पेंशन योग्य सेवा में शामिल नहीं किया गया जिसके परिणामस्वरूप 2028 से पहले सेवानिवृत्त होने वाले हजारों शिक्षक न्यूनतम पेंशन से भी वंचित रह गए हैं। वर्तमान प्रावधानों के अनुसार संविलियन के बाद 10 वर्ष की सेवा पूरी होने पर ही न्यूनतम पेंशन का अधिकार बनता है। चूंकि अधिकांश शिक्षकों का संविलियन 2018 में हुआ इसलिए 2028 से पहले सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को यह लाभ नहीं मिल पा रहा। यही कारण है कि 1998, 1999 और 2005 से कार्यरत शिक्षक भी सेवानिवृत्ति के बाद शून्य पेंशन की श्रेणी में पहुंच रहे हैं।

## परीक्षा : कड़े सुरक्षा घेरे में जिला मुख्यालय में 7662 परीक्षार्थी हुए शामिल

# गेट में ताला बंद होने के बाद पहुंचे 15 अभ्यर्थियों को जाना पड़ा बैरंग

### मंडी बोर्ड उप निरीक्षक पद के लिए हुई परीक्षा









हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा रविवार को जिले में जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी और मुस्तैद व्यवस्थाओं के बीच कड़े सुरक्षा घेरे में 7662 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के पहले गेट में ही दो दर्जन अभ्यर्थियों के आस्तीन काटे गए, गेट ताला बंद होने के बाद लगभग 15 अभ्यर्थियों को बिना परीक्षा दिए ही बैरंग वापस जाना पड़ा। इसी में से कोंडागांव से महिला परीक्षार्थी बस से जगदलपुर पहुंचने में 5 मिनट विलंब होने के चलते परीक्षा में प्रवेश नहीं मिला। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर महिला और पुरुष सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई थी, जिन्होंने हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर के माध्यम से हर एक अभ्यर्थी की गहन तकनीकी जांच की।

परीक्षा के दौरान नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया गया। परीक्षार्थियों के लिए विशेष ड्रेस कोड लागू किया गया था, जिसके तहत केवल हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और पैरों में चप्पल पहनकर आने की अनुमति दी गई थी। काले, गहरे नीले, जामुनी और मैरून जैसे गहरे रंगों के परिधानों पर पूर्णतः प्रतिबंध रहा। कलेक्टर आकाश छिकारा के नेतृत्व में आयोजित इस परीक्षा के लिए समूचे जिले में व्यापक तैयारियां की गई थीं, जिसके परिणामस्वरूप सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक सभी 46 केंद्रों पर परीक्षा का संचालन पूरी तरह शांतिपूर्ण और पारदर्शी रहा। सुरक्षा और शुचिता को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन ने इस बार बेहद कड़े प्रबंध किए थे। परीक्षा की निगरानी के लिए गठित 5 विशेष उड़नदस्ता दलों ने निरंतर केंद्रों का भ्रमण कर सघन निरीक्षण किया। सहभागिता की दृष्टि से देखें तो जिले के 46 केंद्रों में कुल 12136 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 7662 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 4474 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

### परीक्षा कक्ष में बेल्ट और टोपी भी रही वर्जित

अनुशासन को बनाए रखने के लिए परीक्षा कक्ष के भीतर मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, ब्लूटूथ डिवाइस, पर्स, बेल्ट और टोपी के साथ-साथ कान के आभूषणों को ले जाना भी पूरी तरह वर्जित किया गया था। हालांकि धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक में पहुंचे अभ्यर्थियों को प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अतिरिक्त सुरक्षा जांच के उपरांत परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की। प्रशासन द्वारा जारी की गई चेतावनियों और निर्देशों का पालन करते हुए अधिकांश परीक्षार्थी केवल आवश्यक नीले या काले बॉल पॉइंट पेन के साथ ही केंद्रों पर नजर आए, जिससे पूरी प्रक्रिया बिना किसी बाधा के संपन्न हुई।

## बच्चों को दी गई मोबाइल के कम उपयोग की समझाइश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में बालवाटिका-3 एवं कक्षा 1 के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों को भी विद्यालय में आमंत्रित किया गया ताकि वे अपने बच्चों के इस शैक्षणिक आरंभ के साक्षी बन सकें। शुभारंभ पर प्रधानाचार्य राजकुमार आसनानी ने अभिभावकों के साथ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन किया । इसके पश्चात कक्षा 2 के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत से वातावरण को आनंदमय बना दिया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने बालवाटिका-3 एवं कक्षा 1 के छात्रों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। विद्यार्थियों ने बम बम बोले पर नृत्य का आनंद लिया। कक्षा 2 के विद्यार्थियों ने नए छात्रों का तिलक लगाकर एवं उपहार देकर स्वागत किया। इसके उपरांत कक्षा शिक्षकों ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित किया। अभिभावकों ने भी अपने विचार साझा करते हुए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया तथा मोबाइल के सीमित उपयोग पर जोर दिया।

- कक्षा 1 के बच्चों का कक्षा 2 के विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर किया स्वागत

***परिसर का कराया भ्रमण:*** *कार्यक्रम के अंत में नए विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर का भ्रमण कराया गया जिससे वे अपने नए वातावरण से परिचित हो सकें।*

## 3 खाद दुकानों का लाइसेंस निलंबित 20 दुकानों पर विक्रय प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

कृषि विभाग ने बीते 15 दिनों में जिलेभर में जांच अभियान चलाया। 177 खाद दुकानों में से 43 दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिनमें 23 दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई। 20 दुकानों पर 21 दिनों के लिए खाद विक्रय प्रतिबंध लगाया गया जबकि 3 दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। यह कार्रवाई किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर लगाम कसने के उद्देश्य से की गई है। विभागीय समीक्षा बैठक करीब दो घंटे तक चली। बैठक में खाद वितरण, भंडारण, बिक्री प्रक्रिया और रिकॉर्ड संधारण से जुड़े सभी नियमों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि बिना पॉश मशीन के बिक्री, भंडारण और वितरण में अंतर, अधिक मूल्य वसूली तथा स्टॉक में गड़बड़ी जैसी अनियमितताओं को गंभीर अपराध माना जाएगा। जांच में दोषी पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभागीय समीक्षा में यह भी सामने आया कि बस्तर, बकावंड और जगदलपुर ब्लॉक से सबसे अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। इन क्षेत्रों में धान एवं अन्य फसलों की अधिक खेती होने के कारण खाद की मांग बढ़ी है। जिसका कुछ विक्रेताओं द्वारा अनुचित लाभ उठाने की कोशिश की गई। प्रशासन अब इन क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखेगा।

- जिले की 177 खाद दुकानों में से 43 दुकानों की जांच
- बस्तर, बकावंड और जगदलपुर ब्लॉक में गड़बड़ी की सर्वाधिक शिकायतें

वर्तमान में जिले में सहकारी और निजी मिलाकर 177 खाद दुकानें संचालित हैं। विभाग के अनुसार जिले में लगभग 25 हजार टन खाद उपलब्ध है और किसानों की मांग के अनुसार आपूर्ति की जा रही है। साथ ही किसानों को नैनो यूरिया, डीएपी और हरी खाद के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि खेती की लागत कम हो और उत्पादन क्षमता बढ़े। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि किसान हित सर्वोपरि है और बाजार में किसी भी प्रकार की कृत्रिम कमी, जमाखोरी या अधिक वसूली की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई होगी। प्रशासन की इस सख्ती से खाद कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति है। कृषि विभाग के उपसंचालक राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि नियमों का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा और किसानों के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### गड़बड़ी मिलने पर हुई कार्रवाई

बस्तर जिले में खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और किसानोन्मुख बनाने के लिए प्रशासन ने निर्णायक कदम उठाए हैं। जिन प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई हुई, उनमें मंगनार स्थित सुमीत ट्रेडर्स, भानपुरी की डीपीएम फर्टिलाइजर प्राइवेट लिमिटेड और केशरपाल की श्रीराम ट्रेडिंग शामिल हैं।

## महिलाओं को लाइन में खड़ा करने की महतारी वंदन योजना



**गीदम।** प्रदेश की भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गीदम के अध्यक्ष अनिल कर्मा ने कहा कि महतारी वंदन योजना का सरकार दिन-रात प्रचार करती रही, आज वहीं योजना आम महिलाओं के लिए परेशानी का कारण बन चुकी है। उन्होंने कहा कि इस योजना के नाम पर भाजपा ने प्रदेश की माताओं-बहनों से बड़े-बड़े वादे किए और सत्ता हासिल की। लेकिन आज हकीकत यह है कि महिलाओं को केवाईसी के नाम पर घंटों बैंकों और दफ्तरों की लाइन में खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार बनने के बाद 6-7 महीनों तक महिलाओं के बैंक खाते बिना किसी समस्या के संचालित हो रहे थे, तो अचानक अब ऐसी क्या स्थिति बन गई कि हर जगह केवाईसी का बहाना बनाया जा रहा है। क्या सरकार के पास इस योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए पर्याप्त बजट नहीं है।

## बाजार में महंगे बिक रहा टमाटर, आसमान छू रहे दाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर





बढ़ती महंगाई की वजह से एक तरफ जहां राशन सामानों के दाम आसमान छू रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ शहर के साप्ताहिक बाजार में हरी सब्जियों के दाम भी तेजी से बढ़ रहे हैं, खासकर टमाटर ज्यादा महंगा और बाजार में खास हो गया है। आलम यह है कि सब्जी बाजार में आम जनता से लेकर खास लोगों की रसोई पर कब्जा रखने वाला टमाटर इन दिनों गरीबों की थाली से गायब हो गया है। इधर सब्जी व्यापारी टमाटर के दाम बढ़ने की वजह भीषण गर्मी में आवक कम होना बता रहे हैं, बाजार में महाराष्ट्र का टमाटर 25 रूपए किलो में बिक रहा है। बताया जा रहा है कि मांग के हिसाब से आपूर्ति में कमी होने के चलते इसके दाम में काफी बढ़ोतरी देखी जा रही है और जिस तरह से इसकी आवक में कमी देखी जा रही है उसके अनुसार आने वाले दिनों में इसके दाम और बढ़ सकते हैं और उसके बाद मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों के रसोई से टमाटर पूरी तरह से गायब ही होने वाला है।

- रसोई पर कब्जा रखने वाला टमाटर गरीबों की थाली से हो गया गायब
- महाराष्ट्र से आवक कम होते ही चढ़े भाव

### इमली से चला रहे काम

बताया जा रहा है कि इधर बढ़ी हुई कीमत के चलते टमाटर इन दिनों आम जनता के किचन से गायब हो गया है। रसोई में सब्जी के स्वाद बढ़ाने अब ग्रहणी इमली का इस्तेमाल करने लगे हैं। यही वजह है कि टमाटर की खटाई के बदले अब सब्जियों में इमली की खटाई का स्वाद आने लगा है।

### बाजार में सब्जियों की दरें

बाजार में इस रविवार को टमाटर 25, तरबूज 80, परवल 60, करेला 50, पत्तागोभी 20, फूलगोभी 40, बरबट्टी 40, भट्टा 50, कुंदरू 40, आलू 20, प्याज 25, गंवरफल्ली 30, सेम 60 रुपए प्रतिकिलो की दर में बिक रहा है। साथ ही लालभाजी, पालकभाजी, मैथी भाजी 20 रूपए में 6 जूड़ी बिकी रही है।

## बिना हस्तांतरण लिए ही मंडी प्रशासन कार्यालय भवन में हुआ था शिफ्ट

# साढ़े 5 साल में निर्मित कृषि उपज मंडी कार्यालय भवन हुआ जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

मंडी द्वारा शहर से लगभग 10 किमी दूर ग्राम कोपागुड़ा में 18 करोड़ रूपए की लागत से 25 एकड़ जमीन में कृषि उपज मंडी परिसर का निर्माण कार्य किया गया। लगभग साढ़े 5 वर्ष पूर्व नए मंडी परिसर में वर्ष 2020 में कृषि उपज मंडी जगदलपुर शिफ्ट हुआ। लगभग साढ़े 5 वर्ष में ही मंडी कार्यालय भवन जर्जर हो गया, जिससे पदस्थ कर्मी दुर्घटना संभावना के दशहत में रहते हैं। कार्यालय भवन की दीवारों में दरारें हो गई और कार्यालय के अंदर जाने से पहले ही टाइल्स टूट गया है। मंडी परिसर का निर्माण कार्य में गोदामों की खिड़कियां टूट गई, पर इस पर किसी का ध्यान नहीं हैं। वहीं दूसरी ओर मंडी प्रशासन के अनुसार साढ़े 5 वर्ष में बने कार्यालय भवन की मरम्मत का प्रस्ताव बनाया है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2020 में मंडी परिसर का निर्माण कार्य जारी था और इसी बीच बिना हस्तांतरण लिए ही मंडी प्रशासन कार्यालय भवन में शिफ्ट कर लिया था।

- 18 करोड़ की लागत से 25 एकड़ का बनाया गया था परिसर



### शीघ्र ही करेंगे निरीक्षण

मंडी बोर्ड निर्माण शाखा के कार्यपालन अभियंता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने इस संबंध बताया कि मंडी के कार्यालय भवन जर्जर होने की जानकारी मंडी प्रशासन ने नहीं दी है। इसके बाद भी कार्यालय भवन जर्जर होने पर भवन का शीघ्र ही निरीक्षण करेंगे।

## खबर संक्षेप

### घोटपाल में पंचायत एवं बूथ कमेटियों का गठन



**गीदम।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार गीदम ब्लॉक के घोटपाल में मंडल अध्यक्ष रोशन पवार के नेतृत्व में पंचायत एवं बूथ कमेटियों का गठन किया गया। इस दौरान संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने एवं आगामी कार्यक्रमों की रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, कांग्रेस कमेटी महामंत्री रविश सुराना, मीडिया प्रभारी ऋषभ सुराना, पूर्व सरपंच जिला राम, पुनीत यादव सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगठन में नए साथियों को जोड़ा गया और युवाओं को आगे लाने पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कांग्रेस के प्रति लोगों का रुझान और उत्साह लगातार बढ़ रहा है, जो इस बात का संकेत है कि संगठन जमीनी स्तर पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है।कार्यकर्ताओं में ऊर्जा, एकजुटता और जिम्मेदारी की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जिससे आने वाले समय में संगठन और अधिक मजबूत होगा। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने एवं जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

### नारी शक्ति आक्रोश सभा 27 को

**धमतरी।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को इंडी गठबंधन द्वारा लोकसभा में गिराए जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलास्तरीय नारी शक्ति आक्रोश सभा का आयोजन किया जा रहा है। महिला मोर्चा की जिलामंत्री प्रियंका सिन्हा ने बताया कि नारी शक्ति आक्रोश सभा 27 अप्रैल को दोपहर 3 बजे जिला भाजपा कार्यालय धमतरी में होगी। इस घटनाक्रम से विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा उजागर हुआ है, जिससे प्रदेश की मातृशक्ति एवं समाज में व्यापक आक्रोश व्याप्त है। भाजपा ने सभी मातृशक्ति, महिला मोर्चा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### क्रिकेट समर कैंप का स्थान बदला

**धमतरी।** जिले में आयोजित होने वाले क्रिकेट समर कैंप-2026 के स्थान में बदलाव किया गया है। कैंप का आयोजन अब आमातालाब इंडोर स्टेडियम के बजाय स्काई टर्फ मैत्री विहार कॉलोनी जालमपुर में किया जाएगा। यह समर कैंप 1 मई से 15 जून तक आयोजित होगा, जिसमें प्रतिदिन शाम 4:30 बजे से 6:30 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कैंप का प्रशिक्षण शुल्क प्रति खिलाड़ी 3500 रुपये निर्धारित है। आयोजकों ने बताया कि इस बार केवल 30 विद्यार्थियों का ही चयन किया जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी को पर्सनल कोचिंग यानी व्यक्तिगत प्रशिक्षण की सुविधा दी जाएगी, जिससे उनके खेल कौशल में प्रभावी सुधार हो सके।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कुरूद।** जिले के भखारा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार हादसा सेमरा मोड़ के पास हुआ। मृतक की पहचान सिर्वे निवासी बंदेराम के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि बंदेराम भखारा से अपने गांव सिर्वे की ओर बाइक से लौट रहा था। इसी दौरान सेमरा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही भखारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

# विश्व मलेरिया दिवस पर स्कूल में चर्चा, क्विज, रैली, चित्रांकन स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया, जिसमें समस्त विकासखण्ड स्तर से रैली का आयोजन किया गया। जिसका विषय मलेरिया को समाप्त करने के लिये प्रेरित, अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा। दिवस में मलेरिया उन्मूलन को ध्यान में रखते हुए प्रचार किया गया, सभी ग्राम स्तर पर मलेरिया उन्मूलन हेतु प्रचार-प्रसार गतिविधि की गई। ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई, विकासखण्ड स्तर पर बैनर का प्रदर्शन किया गया।

■ सिरहा गुनिया सम्मेलन में श्रीफल, शाल से किया सम्मानित

विकासखण्ड स्तर पर स्कूलों में छात्रा-छात्राओं के मलेरिया के संक्रमण मलेरिया प्रकार एवं बचाव के उपाय से अवगत किया गया। स्कूल में चर्चा, क्वीज, रैली, चित्रांकन प्रतियोगिता आदि गतिविधि की गई। जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर कार्यशाला तथा अंतर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा विभाग, नगर निगम, नगर निकाय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, मत्स्य पालन, पशुधन, वन, कृषि, आदिम जाति कल्याण विभाग, औद्योगिक, कापोर्रेट सेक्टर एवं स्वेच्छा सेवी संगठन (एनजीओ) को शामिल किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नानगुर के एएएम बड़ेकवाली के अंतर्गत ग्राम नागलसर में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सिरहा गुनिया सम्मेलन में श्रीफल एवं शाल भेंटकर सम्मानित एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं स्वास्थ्य शिविर रैली का अयोजन किया गया। कार्यकम में विभाग के बीपीएम नानगुर शकुन्तला जंगेल, बीई सुनैना सैते, सुपरवाईजर नरेश मरकाम, शिव भंडारी, तुलावती नागेश, प्रभारी-मलेरिया सुपरवाईजर शरद गुप्ता, मलेरिया विभाग के कर्मचारी लव नागे, टुमेश्वर गजबिए, राजनीश आचार्य, साथ ही टोमेश कश्यप, आरएचओ हरिराम नाग, महेश कश्यप, महेश्वर बघेल, पदम कश्यप, गणेश, जयदेव नाग, ग्राम के सिरहा-गुनिया, मितानिन, सरपंच तथा ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।



### मलेरिया के बचाव व रोकथाम की जानकारी

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एसएस टेकाम, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, खण्ड चिकित्सा अधिकारी नानगुर डॉ. आरएस भंवर द्वारा मलेरिया के बचाव एवं रोकथाम हेतु स्वास्थ्य शिक्षा, मच्छरदानी के उपयोग के बारे में ग्रामवासियों को जानकारी दी गई।

## कालीपुर में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ विधायक ने सुनी प्रधानमंत्री की बात

# मन की बात कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायक : किरण देव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव ने रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम की 133 वीं कड़ी का प्रसारण ग्राम कालीपुर बूथ क्रमांक 14 प्राथमिक शाला प्रांगण में कार्यकतार्ओं व ग्रामवासियों के साथ सुना।

उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम हम सभी के लिये प्रेरणादायक है। जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री समाज के विभिन्न प्रेरणादायी पहलुओं, देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़ी नई जानकारी व नये कार्यों सहित अनेक विषयों का संदेश देशवासियों से साझा करते हैं। जनभागीदारी के साथ राष्ट्र निर्माण के संकल्प का बड़ा संदेश इस कार्यक्रम का आधार है। करोड़ों जनता से सीधे प्रधानमंत्री संवाद स्थापित करते हैं। उनके विचारों को आत्मसात कर सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देने हम सभी आगे आयें।

इस दौरान आर्येंद्र सिंह आर्य, रजनीश पानीग्राही, महेन्द्र सेठिया, सीमांचल दास, मनोज पटेल, पुरुषोत्तम कश्यप, अनिता नागे, सरिता भोयर, तेमल कश्यप, प्रदीप गुहा, लाला पटेल, अनंत राम, खगेश्वर भोयर, सुरेश ठाकुर, घासीराम, उदय दुबे, राधेश्याम पेन्द्रे, प्रेम ठाकुर सहित कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री के मन की बात का सामूहिक श्रवण

**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री के मन की बात का सामूहिक श्रवण नरेंद्र पाणिग्राही, शशिभूषण रथ एवं अनूप जैन की उपस्थिति में किया गया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में भारत के नागरिक परमाणु कार्यक्रम को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार बताया। उन्होंने कहा देश के वैज्ञानिकों की मेहनत ने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। यह उपलब्धि केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं बल्कि भविष्य की तकनीकी आत्मनिर्भरता और रणनीतिक मजबूती का भी संकेत है। उन्होंने वैज्ञानिक समुदाय के योगदान को राष्ट्रीय विकास की रीढ़ बताया।



# सरकारी और निजी सभी पाइंट पर सख्त जांच जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद ने सरकार, जिला प्रशासन, खनिज, परिवहन, पुलिस तथा रेलवे प्रशासन से खनिज संपदा के संरक्षण, वैधानिक परिवहन व्यवस्था की निगरानी तथा अवैध गतिविधियों पर कठोर एवं निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की है।



■ खनिज संपदा का अवैध परिवहन पर कठोर कार्वाई करे प्रशासन

उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग प्राकृतिक संसाधनों, जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा से समृद्ध क्षेत्र है। यह आवश्यक है कि इन संसाधनों का उपयोग संविधान, विधि और जनहित के अनुरूप हो। यदि कहीं भी अवैध लौह अयस्क परिवहन, रेत उत्खनन, ओवरलोडिंग, रॉयल्टी से अधिक परिवहन, बिना अनुमति खनन, दस्तावेजों में अनियमितता, वेब्रिज गड़बड़ी, अथवा निजी एवं सरकारी रेक पॉइंटों से संदिग्ध गतिविधियों जैसी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि संविधान के नीति निर्देशक तत्व, पर्यावरण संरक्षण संबंधी प्रावधान, पंचायत अधिनियम , वनाधिकार कानून, मोटरयान अधिनियम, खान एवं खनिज अधिनियम तथा अन्य लागू कानूनों का पालन सुनिश्चित करना शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है।

उन्होंने शासन एवं प्रशासन से बस्तर संभाग के सभी जिलों में खनिज परिवहन, रॉयल्टी अभिलेख, चालान, ई-वे बिल, वजन पर्ची, रिकॉर्ड तथा परिवहन अनुमति की विशेष जांच की मांग की है। सभी निजी एवं शासकीय रेक पॉइंट, रेलवे साइडिंग, वेब्रिज, स्टॉक यार्ड तथा लोडिंग-अनलोडिंग केंद्रों का नियमित ऑडिट कराया जाए। ओवरलोडिंग, अवैध परिवहन, कर चोरी, राजस्व हानि अथवा दस्तावेजी अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार जब्ती, दंडात्मक कार्यवाही एवं लाइसेंस निरस्तीकरण किया जाए। अवैध रेत उत्खनन, नदी तटों के क्षरण एवं पर्यावरणीय क्षति पर संयुक्त अभियान चलाया जाए।

अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामसभा की वैधानिक भूमिका तथा पेसा कानून का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए।

### आंदोलन के लिए होंगे बाध्य

नवनीत ने कहा कि विगत वर्षों के खनिज परिवहन, रॉयल्टी संग्रहण एवं राजस्व अभिलेखों को सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाए। सड़कों, पुलों एवं सार्वजनिक अधोसंरचना को ओवरलोड वाहनों से हो रही क्षति की जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने कहा कि यदि शिकायतों पर समयबद्ध और प्रभावी कार्यवाही नहीं होती है, तो जिला इकाइयाँ संविधान सम्मत एवं शांतिपूर्ण जनजागरण अभियान, ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित करेंगी।

# राशन दुकान के पास कचरा संग्रहण केंद्र

**जगदलपुर।** शहर के लालबाग सिविल लाइन वार्ड स्थित राशन दुकान की स्थिति ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की वास्तविक तस्वीर उजागर कर दी है। जिस स्थान से आम नागरिकों विशेषकर गरीब और जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न प्राप्त होता है वही केंद्र गंदगी, दुर्गंध और जर्जर ढांचे का प्रतीक बन चुका है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि राशन दुकान के आसपास कचरे का अंबार है और बगल में कचरा संग्रहण केंद्र होने के कारण पूरे क्षेत्र में बदबू फैली रहती है। गंभीर बात यह है कि जिस भवन में अनाज रखा जाता है उसका निर्माण बेहद निम्न स्तर का है। नागरिकों के अनुसार निर्माण कार्य में गुणवत्ता का अभाव है। न तो मजबूत मंच तैयार किया गया न ही आवश्यक गिट्टी और संरचनात्मक मजबूती दी गई। परिणामस्वरूप जमीन धंस रही है और भवन के अंदर तक जर्जरता दिखाई दे रही है। ऐसे हालात में खाद्यान्न संग्रहण और वितरण दोनों ही स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिहाज से चिंताजनक हैं। राशन लेने आने वाले नागरिकों को मजबूरी में गंदगी और असुरक्षित वातावरण के बीच खड़ा होना पड़ता है। क्योंकि यदि वे समय पर राशन न लें तो माह का खाद्यान्न समाप्त होने का डर रहता है। शिकायतों के बावजूद व्यवस्था जस की तस बनी हुई है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत की गई लेकिन न तो अधिकारी सक्रिय हुए और न ही जनप्रतिनिधियों ने कोई पहल की। आशंका यह है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

■ गंदगी और दुर्गंध से लोग परेशान, बीमारी की आशंका



# राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक नारायण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

राज्य के दूरस्थ जिलों में शिक्षा का अलख जगाने वाले शिक्षकों को 25 अप्रैल को प्रो. जे एन पाण्डेय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नलघर चौक रायपुर में प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में गीदम ब्लॉक के सेजेस हाईस्कूल समलूर में पदस्थ व्याख्याता नारायण साहू भी शामिल है। साहू समाज के प्रतिभावान निर्धन बच्चों के उच्च शिक्षा एवं रोजगार परक शिक्षा में आर्थिक व आवश्यक सहयोग करने वाली संस्था मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति छत्तीसगढ़ के संचालक सदस्य हैं। वे अपने पढ़ाई के दिनों से विशेष प्रतिभा के धनी और कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शिरकत कर चुके हैं। उनके साथ डॉ विजय साहू को भी सम्मानित किया गया। जो विगत वर्ष शोध पुस्तक साइंस मीट सोसायटी अ डायलॉग फॉर अ बैटर टुमारो से चर्चा में आए तथा उनके पुस्तक का इनॉग्रेशन उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया था। इन दोनों शिक्षक का राष्ट्रीय नवाचारी गतिविधियां समूह छ. ग. इकाई द्वारा रायपुर के सम्मान समारोह में ए के सारस्वत उप संचालक समग्र शिक्षा छ ग, बी रघुनाथ उप संचालक मा शि मं रायपुर रायपुर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयक समग्र शिक्षा ने प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। जिससे दंतेवाड़ा जैसे दूरस्थ जिले का नाम फिर से राजधानी में गुंजायमान हुआ। जिला साहू संघ दंतेवाड़ा अध्यक्ष एन आर साहू ने दोनों ही शिक्षकों को बधाई देते हुए साहू समाज व दंतेवाड़ा जिले के लिए गौरव का क्षण बताया।

### जिले के 2 शिक्षकों का हुआ सम्मान

**सुकमा।** राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संप्रवाह का आयोजन स्वामी आत्मानंद प्रो. जे. एन. पांडेय शास. उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्च. माध्य. विद्या. रायपुर में किया गया। जिसमें राज्य से 160 शिक्षकों का सम्मान किया गया। सुकमा जिले से 2 शिक्षक लोकनाथ साहू पीएम श्री सेजेस बालक स्कूल सुकमा और नसरीन सिद्धीकी शासकीय प्राथमिक शाला रानीबहाल, छिंदगढ़ के नवाचार गतिविधि और प्रयोगों के नित नए उपायों से शिक्षा को आसान बनाए जाने के प्रयासों के लिए प्रदान किया गया।

चयनित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समूह के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि यह समूह शासकीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों का स्वप्रेरित समूह है। जो विगत 5 वर्षों से इस तरह का आयोजन कर रहा है। नवाचारी शिक्षा रत्न के लिए चयनित शिक्षकों को अपने नवाचार को प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। जिला शिक्षा कार्यालय सुकमा, स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकों ने दोनों शिक्षकों को शुभकामनाएं दी है।



# सांसद महेश ने लेंड्रा बूथ में सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात सांसद महेश कश्यप ने दरभा मंडल के नेगानार शक्ति केंद्र स्थित लेंड्रा बूथ क्रमांक 259 में स्थानीय ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं के साथ सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश की वैज्ञानिक ताकत और अंतरिक्ष उपलब्धियों पर कहा कि भारत ने हमेशा विज्ञान को विकास का सशक्त माध्यम माना है। वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत से आज भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जो राष्ट्र निर्माण की रीढ़ बन चुका है। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के कलपक्कम में स्थित स्वदेशी 'फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' के क्रिटिकलिटी हासिल करने को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और इसे आत्मनिर्भर भारत की वैज्ञानिक जीत करार दिया। उन्होंने यह भी साझा किया कि भारत अब 56 गीगावॉट से अधिक क्षमता के साथ पवन ऊर्जा के मामले में दुनिया में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। आगामी जनगणना अभियान पर चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने बताया कि जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल होगी, जिससे प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी।

■ प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष विज्ञान, डिजिटल जनगणना और आत्मनिर्भर भारत की उपलब्धियों को सराहा



उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनकी जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रहेगी। नई व्यवस्था के तहत नागरिक स्वयं भी अपनी जानकारी भर सकेंगे, जिसके बाद उन्हें एक विशेष आईडी मिलेगी। उन्होंने इसे आधुनिक तकनीक से जुड़ा एक बड़ा सुधार बताया और देशवासियों से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की।

प्रधानमंत्री ने भारत के डेयरी सेक्टर में हो रहे बदलावों और भारतीय चीज की वैश्विक सफलता का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि ब्राजील में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय चीज ब्रांड्स ने पुरस्कार जीतकर देश का मान बढ़ाया है। इसके साथ ही उन्होंने यूरोपीय गर्ल्स मैथमेटिकल ओलंपियाड में भारतीय छात्राओं के शानदार प्रदर्शन, राष्ट्रीय अभिलेखागार के नए डिजिटल पोर्टल की शुरुआत और उत्तर पूर्वी भारत के बांस उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। गणतंत्र पर्व से लेकर बीटिंग रिट्रीट समारोह तक की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने भारतीय संगीत की बढ़ती लोकप्रियता के बारे मे बताया ।

आगामी बुद्ध पूर्णिमा की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने भगवान बुद्ध के 'स्वयं पर विजय' और 'भीतरी शांति' के संदेश को आज के तनावपूर्ण समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। अंत में उन्होंने स्कूली बच्चों को छुट्टियों का आनंद लेने के साथ साथ कुछ नया सीखने की भी प्रेरणा दी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकदेई कश्यप, जिला पंचायत सदस्य सम्पति नाग, जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप, जिला मंत्री फुलसिंग सेठिया, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष संतोष बघेल, मण्डल महामंत्री नारायण कुरानी, जनपद सदस्य जयमनी मौर्य, सरपंच सूबेदार बघेल, महादेव नाग, सुरेश सिंग, दिनेश पांडे, सुशील त्रिपाठी, मूलचंद सेठिया सहित स्थानीय ग्रामवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

